ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

प्रो. कृष्ण कुमार सिंह
PROF. KRISHNA KUMAR SINGH
कार्यकारी कुलसचिव
ACTING REGISTRAR

दूरभाष / Phone : +91-7152-230902
फैक्स / Fax : +91-7152-247602

**क्रमांक :** 008/2012-13/PVIR/2017/45
**दिनांक :** 09.09.2019

## कार्यालयादेश

ऐसा संज्ञान में आया है कि कुछ विभागों द्वारा गैर-उपभोज्य (Non-consumable) सामग्री अन्य विभागों अथवा कर्मियों को स्वयं के स्तर पर उपलब्ध कराई गई है। प्रतिवर्ष लेखा परीक्षक के समक्ष गैर-उपभोज्य सामग्री का ब्यौरा प्रस्तुत करने के लिए भौतिक सत्यापन के उपरांत अद्यतन रिकॉर्ड रखा जाना आवश्यक है। इसलिए विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, केंद्र निदेशकों, क्षेत्रीय केंद्र प्रभारियों एवं विभाग प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने विभागीय कर्मियों से सुनिश्चित करवाएं कि उनके विद्यापीठों, विभागों, केंद्रों एवं क्षेत्रीय केंद्रों में उपलब्ध गैर-उपभोज्य सामग्री किसी अन्य विभाग अथवा कर्मी को सीधे न देकर भंडार एवं क्रय विभाग के माध्यम से ही दी जाए। विभाग के कर्मियों को वास्तविक एवं पदानुरूप सामग्री विभाग प्रमुख द्वारा आवंटित की जाए और रिकॉर्ड भी व्यवस्थित रखवाया जाए। किसी भी विभाग, अधिकारी अथवा कर्मचारी को पूर्व में यदि कोई सामग्री आपके विभाग से दी अथवा ली गई हो तो उसका भी लिखित रिकॉर्ड अवश्य रखें।

समस्त विभाग प्रमुख सुनिश्चित करें कि उनके विभाग में कोई गैर-उपभोज्य सामग्री अनुपयोगी अथवा खराब हो तो उसके संबंध में भी भंडार एवं क्रय विभाग को दिनांक 16.09.2019 तक लिखित में अवगत कराएँ ताकि संसाधनों के अधिकाधिक उपयोग के साथ-साथ खराब सामग्री के संबंध में उचित कार्रवाई यथासमय की जा सके।

9/09/19
(कार्यकारी कुलसचिव)

प्रति : उपर्युक्तानुसार समस्त संबंधित (ई-मेल द्वारा)।

प्रतिलिपि सूचनार्थ (ई-मेल द्वारा):

1. कुलपति कार्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. वित्ताधिकारी कार्यालय
4. सामान्य प्रशासन विभाग
5. लीला प्रभारी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
6. संबंधित फाइल/गार्ड फाइल ।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा - 442001 (महाराष्ट्र) भारत
Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail : registrar.mgahv@gmail.com, वेबसाइट/Website : www.hindivishwa.org